आकाशवाणी केन्द्र शिमला
05.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

कैबिनेट

प्रदेश मंत्रिमंडल ने राजधानी शिमला में भीड़ को कम करने के लिए वन विभाग के वाईल्ड लाईफ विंग को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने को मंजूरी दे दी है। ये निर्णय प्रदेश मंत्रिमंडल की आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। मंत्रिमंडल ने राज्य के सभी रैवेन्यू कोर्ट को ऑनलाईन करने को भी मंजूरी दी है। इससे लोग घर बैठे ही अपने मुकद्दमे का स्टेटस पता कर सकेंगे। संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि मंत्रिमंडल ने अनुबंध पर भर्तियों को खत्म कर अब 2 साल के लिए ट्रेनी के तौर पर नियुक्तियां देने का भी निर्णय लिया है। हर्षवर्धन चौहान ने सोशल मीडिया पर मंत्रियों की वायरल हो रही टिप्पणियों को लेकर कहा कि सरकार में सब ठीक–ठाक है। उन्होंने कहा कि आज सभी मंत्री कैबिनेट में मौजूद थे और पूरा विधायक दल मुख्यमंत्री के साथ चट्टान की तरह खड़ा है।

बीजेपी प्रदर्शन

हिमाचल प्रदेश से पाकिस्तानी नागरिकों को वापिस भेजने के लिए सरकार द्वारा उचित कदम न उठाए जाने के विरोध में प्रदेश भाजपा ने आज प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किए। शिमला में आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आरोप लगाया कि प्रदेश कांग्रेस सरकार राज्य में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को वापिस भेजने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार की इस सुस्ती पर सवाल उठाए और कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है, ऐसे में प्रदेश सरकार भी गंभीरता दिखाए।

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर में विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया और ज़िलाधीश के माध्यम से राज्यपाल व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर प्रदेश में वैध व अवैध तरीके से रह रहे पाकिस्तानियों को तुरंत वापिस भेजने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को वापिस भेजने के मुद्दे पर प्रदेश सरकार कतई गंभीर नहीं है। उन्होंने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए संजौली मस्जिद पर आए नगर निगम अदालत के फैसले का भी स्वागत किया।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार और संगठन की अंतर्कलह खुलकर सामने आ गई है। सरकार की इस अंतर्कलह से प्रदेश का नुकसान हो रहा है। जयराम ठाकुर ने

आज मंडी में एक बयान में कहा कि प्रदेश सरकार के मंत्री और नेता अपने हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में यह पहली सरकार है जो विकास की उल्टी राह पर चल रही है। सरकार में बैठे लोगों को प्रदेश और प्रदेशवासियों के हितों की बजाय अपने हितों की चिंता है। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस बड़े—बड़े वायदे कर सत्ता में आई थी, लेकिन अब उसे जनता और उसके हितों से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि विकास के कार्य शून्य हैं, नौकरियां बंद हैं, भर्तियों पर रोक लगी हुई है और हिमकेयर का पैसा भी रोक दिया गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि हर महीने नियमित रूप से कर्ज़ लेने के अलावा सरकार का धरातल पर कोई काम नज़र नहीं आ रहा है।

दुर्घटना

मंडी ज़िला के सराज विधानसभा क्षेत्र के बगड़ाथाच में एक कार के गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त होने से 2 लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान गौरव और उसकी माता मीरा देवी के रूप में हुई है।

............................................................................................................................................................